/font>

Title ; Need to provide halts at Bharuch and Ankaleshwar railway stations in Gujarat for trains coming from the North. - Laid.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के अंकलेश्वर औद्योगिक क्षेत्र एशिया में सबसे विशाल औद्योगिक क्षेत्र है, जहां पर देश के विभिन्न प्रांतों के लोग कार्यरत हैं। राजस्थान, बिहार एवं उत्तर प्रदेश के लोगों को अपने पैतृक राज्यों में जाने के लिए बड़ोदा या सूरत जाना पड़ता है। क्योंकि राजस्थान, बिहार एवं उत्तर प्रदेश की रेल सेवाएं इन्हीं स्टेशनों पर रूकती हैं। राजस्थान, बिहार एवं उत्तर प्रदेश को जाने वाली रेलगाड़ियां मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच एवं अंकलेश्वर से होकर जाती हैं, परन्तु इन स्टेशनों पर कुछ गाडियां एक दो रूकती है । बाकी सभी नही रूकती । जिनके कारण इन लोगों को दिक्कत उठानी पड़ती है। अगर राजस्थान से आने वाली सूर्या नगरी एक्सप्रेस, अजमेर बंगलौर एक्सप्रेस एवं राणेकपुर एक्सप्रेस को एवं उत्तर प्रदेश एवं बिहार से आने वाली प्रमुख रेल सेवाओं को कुछ को अंकलेश्वर में एवं कुछ को भरूच रेलवे स्टेशन पर ठहराव कर दिया जाये तो यहां के हजारों लोगों को आने जाने में सुविधा मिलेगी।

आपसे अनुरोध है कि इन रेलवे स्टेशन भरूच एवं अंकलेश्वर पर राजस्थान, बिहार एवं उत्तर प्रदेश से आने वाली रेल सेवाओं का ठहराव दिया जाये।